**निदेशालय तकनीकी शिक्षा**
**व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण**
**हिमाचल प्रदेश सुन्दरनगर**

## PUBLIC NOTICE

हि0 प्र0 तकनीकी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश के सभी राजकीय व निजि बहुतकनीकी संस्थानों में डिप्लोमा कोर्सो में प्रवेश हेतु आनलाइन काऊंसलिंग का तृतीय चरण PAT **से** सम्बन्धित **उम्मीदवारों के लिए** दिनांक 07–07–2017 से 13–07–2017 तक, LEET **से** सम्बन्धित **उम्मीदवारों के लिए** दिनांक 11–07–2017 से 17–07–2017 तथा D.Pharmacy से सम्बन्धित **उम्मीदवारों के लिए** दिनांक 11–07–2017 से 15–07–2017 तक निर्धारित किया गया है। PAT **एवं** LEET से सम्बन्धित जिन उम्मीदवारों का प्रथम व द्वितीय चरणों में चयन नहीं हुआ हो, वे उम्मीदवार भी उपरलिखित तिथियों को आनलाइन आवेदन कर सकते है तथा PAT, LEET **एवं** D.Pharmacy से सम्बन्धित उम्मीदवार अपनी प्राथमिकताओं में परिर्वतन कर सकते हैं, बशर्ते सीट खाली या उपलब्ध हो। जिन उम्मीदवारों ने पैट /लीट (PAT/LEET) -2017 **परीक्षा में भाग** नहीं लिया है, पर उन्होंने दसवीं परीक्षा में 50% (45% आरक्षित वर्ग के लिए) **या इस**से अधिक अंक प्राप्त किए हों, वे भी आनलाइन आवदेन कर सकते हैं। पूर्ण विवरण एवं काऊंसलिंग शैडयूल (Counseling schedule) की अधिक जानकारी हेतू हि0 प्र0 तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाईट www.hptechboard.com का अवलोकन करें।

ऑनलाईन आवेदन/प्राथमिकताएं भरने हेतू प्रदेश में सरकारी व गैर सरकारी बहुतकनीकी संस्थानों (Govt./Private Polytechnics) और सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITIs) में निःशुल्क सुविधा केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। अतः इच्छुक उम्मीदवार उक्त सुविधा केन्द्रों में जाकर आनलाइन सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।

अगर तृतीय चरण के बाद भी सीटें खाली रह जाती हैं तो चतुर्थ चरण centralized ऑफलाईन/मैनुअल काऊंसलिंग का आयोजन भी राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर में रखा गया है, जिसके लिए D.Pharmacy **से सम्बन्धित उम्मीदवार** दिनांक 25–07–2017, LEET **से सम्बन्धित उम्मीदवार** दिनांक 26–07–2017 तथा PAT **से सम्बन्धित उम्मीदवार** दिनांक 28–07–2017 को प्रातः 11:30 बजे से पूर्व राजकीय बहुतकनीकी सुन्दरनगर में काऊंसलिंग (Counseling) हेतू रिपोर्ट करें।

निदेशक
तकनीकी शिक्षा
व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण
हिमाचल प्रदेश